हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–117 : जौनपुर, बुधवार 04 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## ओबीसी आरक्षण पर योगी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत : हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी के निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ द्वारा दिए गए निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। इस फैसले से योगी सरकार को राहत मिली है। हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को निरस्त करते हुए सरकार को जल्द से जल्द चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद से यह एक राजनीतिक मुद्दा बन गया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है और साथ ही दूसरे पक्ष को नोटिस जारी कर तीन हफ्तों के अंदर उनसे जवाब मांगा है। 27 दिसंबर को हाई कोर्ट के निर्णय के बाद मचे राजनीतिक हंगामे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बयान जारी किया था और मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जाने की बात कही थी। वहीं, मामले पर पांच सदस्यीय आयोग का भी गठन किया गया था। गठित किए गए आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राम अवतार सिंह हैं। इसकी एक बैठक बीते दिनों लखनऊ में भी हो चुकी है। आयोग के चार अन्य सदस्य सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी चौब सिंह वर्मा, महेंद्र कुमार, राज्य के पूर्व कानूनी सलाहकार संतोष कुमार विश्वकर्मा और ब्रजेश कुमार सोनी हैं। बैठक के बाद राम अवतार सिंह ने कहा था कि आयोग अपनी रिपोर्ट ढाई से तीन माह में सौंपेगा। हालांकि, उसके बाद होने वाली फॉलोअप की प्रक्रिया में दो–तीन माह का समय और लग सकता है। उन्होंने कहा कि आयोग कमोबेश हर दिन बैठक करेगा। प्रत्येक जिले में जाकर डीएम और राजस्व अधिकारियों की मदद से डाटा जुटाएगा। इस तरह से अपने सर्वे की प्रक्रिया को पूरा करेगा। उन्होंने कहा था कि सर्वे के लिए क्या प्रणाली अपनाई जाए, क्योंकि इसके लिए अभी तक कोई निश्चित गाइडलाइन या प्रक्रिया तय नहीं है, ऐसे में इस बाबत विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के अलावा सर्वे के काम में जनप्रतिनिधियों की मदद भी लेंगे। अगर प्रशासनिक अधिकारी कोई गलत सूचना देते हैं तो जनप्रतिनिधि से बात करके उसे सुधार लेंगे। इस मामले में सर्वे के लिए बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक में अपनाई गई प्रक्रिया का भी अध्ययन किया जाएगा। जिस भी जिले में सर्वे के लिए आयोग के सदस्य जाएंगे, वहां के जनप्रतिनिधियों को पूर्व में सूचना दी जाएगी। आयोग के सदस्य सचिव की ओर से फोन नंबर भी जारी किए जा सकते हैं।




## माघ मेले के लिए चलाई जाएंगी 2800 अतिरिक्त बसें : रिजर्व में रहेंगी 200 बसें

लखनऊ ब्यूरो : जनवरी–फरवरी में आयोजित प्रयागराज माघ मेले के लिए उप्र परिवहन निगम 2800 अतिरिक्त बसें चलाएगा। इसके अलावा निकट के तीर्थस्थलों के लिए भी अतिरिक्त 80 बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए एमडी संजय कुमार ने क्षेत्रवार बसों का आवंटन कर दिया है। एमडी के मुताबिक मेले में मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी के स्नान पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। ऐसे में 20 जनवरी से 27 जनवरी तक संचालन पर मुख्य फोकस रहेगा। छह फरवरी तक 2800 बसों के संचालन के अलावा 200 बसों को रिजर्व में रखा जाएगा। प्रयागराज के निकटवर्ती तीर्थस्थल काशी, विंध्याचल, चित्रकूट एवं अयोध्या के लिए भी 80 बसों की अतिरिक्त व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा प्रयागराज को 550, गोरखपुर क्षेत्र को 380, आजमगढ़ को 360, लखनऊ को 300, वाराणसी को 300, अयोध्या को 220, चित्रकूट को 230, कानपुर को 260, देवीपाटन को 150 और झांसी को 50 बसों का आवंटन किया गया है। एमडी ने कहा है कि किसी भी मार्ग पर प्राइवेट बसों को परमिट न दिया जाए। इस संबंध में सभी क्षेत्रीय प्रबंधक अपने–अपने यहां आयुक्त एवं जिलाधिकारियों से बात करेंगे। इसके साथ ही अस्थाई बस स्टेशन निर्माण करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी बसों को चाक चौबंद कराने और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को कहा गया है।

## उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जरूरतमंदों को किया भोजन एवं कंबल वितरित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मंगलवार देर रात प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय राजेश जयसवाल के साथ आलमबाग क्षेत्र में अवध चौराहे के पास बरामदे एवं रैन बसेरा में रहने वाले लोगों को भोजन एवं कंबल वितरित किया। संगठन के पदाधिकारियों ने पैदल चलकर अलग–अलग स्थानों पर वास्तविक जरूरतमंदों को जो बरामदे में बिना समुचित बिस्तर के सो रहे थे उन जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर उन्हें भोजन एवं कंबल वितरित किए। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया संगठन के पदाधिकारियों का लगातार यह प्रयास होगा कि अधिक से अधिक जरूरतमंद वास्तविक पात्र लोगों की सहायता किया जा सके। भोजन एवं कंबल वितरण कार्यक्रम में संगठन के नगर महामंत्री मोहित कपूर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल जालान, सुमित कनोडिया, श्रीमती आरती कपूर श्रीमती शिखा जालान शामिल थे।

## यूपी में घने कोहरे और शीतलहर की चेतावनी: लखनऊ में सर्द हवाओं ने लोगों को कंपाया : 6.4 डिग्री लुढ़का पारा

लखनऊ ब्यूरो : घने कोहरे के साथ गलन भरी भीषण ठंड ने प्रदेश में जनजीवन अस्त–व्यस्त कर दिया है। हड्डियों तक को कंपा देने वाली ठंड से मंगलवार को लोग घरों के भीतर भी ठिठुरते रहे। प्रदेश के अधिकतर जिलों में धूप का इंतजार दिन भर जारी रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए प्रदेश के कई हिस्सों में घने कोहरे, शीतलहर और कोल्ड–डे कंडीशन को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। कई जिलों के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए अत्यधिक खराब मौसम की चेतावनी भी जारी की है। लखनऊ में चुभती हवाओं के बीच सूरज के कोहरे से ढके होने से लोग मंगलवार को कांपते रहे। जबरदस्त ठंड के चलते दिन का पारा 6.4 डिग्री लुढ़ककर 10.6 डिग्री जा पहुंचा। न्यूनतम तापमान भी सोमवार की अपेक्षा 3.3 डिग्री कम होकर 6.7 डिग्री दर्ज हुआ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के मुताबिक, फिलहाल लखनऊ के लिए रेड अलर्ट है। यहां कोल्ड डे व शीतलहर से इनकार नहीं किया जा सकता है। इससे पहले सुबह की शुरुआत घने कोहरे से हुई। तड़के दृश्यता 50 मीटर तक थी। इसके बाद 8.30 बजे तक अचानक दिखना बंद हो गया। नौ बजे तक दृश्यता शून्य बनी रही। इसके बाद दृश्यता बढ़ी जरूर, पर अधिकतम 800 मीटर ही रही। लोग दिनभर गलन से कांपते रहे। वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, वर्ष 2003 की जनवरी में दिन का तापमान 10.2 डिग्री दर्ज हुआ था। वरिष्ठ वैज्ञानिक



मो. दानिश ने बताया कि 2011 में भी दिन का तापमान 11 डिग्री के आसपास पहुंचा था। फिलहाल बुधवार और गुरुवार को भी ऐसा ही मौसम रहने के आसार हैं। मंगलवार को घर से निकले लोग ठिठुरते ही दिखे। रोजाना की तुलना में लोग ज्यादा मफलर, कोट, जैकेट, स्वेटर लादे रहे। घरों में भी आग ताप कर तो कहीं रूम हीटर से लोग ठंड को दूर भगाने की कोशिश करते दिखे। कोल्ड डे और कोल्ड वेव का अंतर भी जानें मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, कोल्ड डे तब होता है जब मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे हो। अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री नीचे आने पर भीषण शीत दिवस होता है। वहीं, शीतलहर तब होती है, जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे हो और यह सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री कम हो जाए। न्यूनतम तापमान चार डिग्री या इससे कम होने पर शीतलहर और दो डिग्री तक पारा पहुंच जाने पर भीषण शीत लहर होती है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## श्रेया को मिला अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्ट शोधार्थी सम्मान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। तमिलनाडु में आयोजित हुए आई यस यस इंटरनेशनल साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवार्ड कांग्रेस 2022 में लखनऊ मॉडल कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अजीतन खेड़ा, लखनऊ में



रसायन विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापिका श्रेया को फार्मेसी विधा में अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्ट शोधार्थी सम्मान प्राप्त हुआ । यह सम्मान उन्हें अल्टरनेट हीलिंग सिस्टम नेचुरोपैथी विषय में प्रकाशित शोध पत्र हेतु प्राप्त हुआ। श्रेया के नाम कई अलग अलग सन्दर्भों में शोध पत्र एवं पुस्तकें प्रकाशित हो चुके है एवं कई बार इन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए नामित किया जा चुका है। श्रेया के इस उपलब्धि के लिए संस्थान के चेयरमैन अवधेश सिंह एवं डॉ अमित सिंह तथा संस्थान के निदेशक अकादमिक एवं शोध प्रो. तिवारी ने उन्हें बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## जमीनी विवाद को लेकर मारपीट में सात महिलाएं घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के दो अलग अलग गांव में मंगलवार को जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में सात महिला घायल हो गयी। मौके पर मौजूद परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ताखा पश्चिम गांव में जमीनी विवाद को मंगलवार की शाम हुई मारपीट की घटना में चले लाठी डंडे से दोनों पक्षों से सुभद्रा (25)पत्नी महेन्द्र कुमार, दुर्गेश लता (32)पुत्री विनोद कुमार, आशा देवी (60)पत्नी विनोद कुमार, व रंगीता (30)पत्नी राकेश कुमार, अनारा (50)पत्नी जयन्त्री, संगीता (35)पत्नी राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए परिवार के सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दूसरी घटना क्षेत्र के पूराभुवाल गांव निवासी केवलापत्ती (50)पत्नी राम चेत को बच्चों को लेकर हुए विवाद में पूछताछ के लिए गयी महिला को पडोसियों ने पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने तहरीर पुलिस को दिया पुलिस की लचर प्रणाली को देखकर पीड़ित ने एसपी जौनपुर से घटना के बारे अवगत कराया। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर महिला को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ।चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया ।

## जन सम्पर्क में भाजपा की लाभकारी योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर नगर में बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलम गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं की एक टोली निकल कर लोगों को भाजपा सरकार की लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया ।टोली समूचे नगर सहित आसपास के इलाकों में भ्रमर किया। इस दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए योजनाओं में स्वास्थ्य, विधवा व वृद्धा पेंशन,दिव्यागों, असहायों व महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व सुरक्षा की दिशा में सरकार द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रति जागरूक किया। बताया कि सरकार महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक आदि क्षेत्रों में सुधार की दिशा में व्यापक पैमाने पर बदलाव कर रही है। इस दौरान महिला नेत्री नीलम गुप्ता ने लोगों से मजबूत लोकतंत्र के लिए निकाय चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए अपील किया। उन्होंने बताया कि मतदाता निकाय चुनाव में बहुत ही उत्साहित दिख रही है। माफिया व दागदार नही अच्छे छवि वाले प्रत्याशी की तलाश कर रही है ।मुख्य रूप से संगीता,प्रेमा देवी,उर्मिला,पूजा मौर्या, संध्या पटेल,नेहा बानो,ज्योति विश्वकर्मा आदि रही।

## भाजपा सरकार में हो रहा देश का चौमुखी विकास –वेदानंद ओझा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर : भाजपा सरकार में प्रदेश व देश में चौमुखी विकास हो रहा है। विकास की योजनाएं अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान ला रही हैं । शिक्षा,स्वास्थ्य व रोजगार में बदलाव के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय फलक पर भारत की धमक पूरी दुनिया महसूस कर रही है। देश सांस्कृतिक जागरण की ओर उन्मुख है। उक्त बातें पूर्व ज्वाइंट कमिश्नर व भाजपा नेता वेदानंद ओझा ने कहीं। वे मंगलवार को क्षेत्र के त्रिकौलिया गांव स्थिति अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र अपने प्राचीन मूल्यों को आत्मसात कर फिर से दुनिया के सामने विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है ।केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति के माध्यम से देश की परंपरा व विरासत पर गौरव बोध कराने का अतुलनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा की देश में पहली बार भारतीय परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखकर शिक्षा नीति बनाई गई है ।इसके माध्यम से देश के नागरिकों में आत्मसम्मान व अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान की भावना पैदा होगी। वेदानंद ने युवाओं के लिए रोजगारपरक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा की युवा ही देश के भविष्य हैं ।भाजपा सरकार युवाओं में स्किल बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना देश में बेरोजगारी दूर करने का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। कहा कि स्टार्टअप इंडिया,स्टैंड अप इंडिया,मुद्रा बैंक योजना और मेक इन इंडिया के जरिए देश के युवाओं का भविष्य संवर रहा है।

## बेलौनाकला व गनेशपुर गाँव में जल जीवन मिशन के तहत चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी क्षेत्र बेलौनाकला व गनेशपुर गाँव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना के तहत सभी घरों में 2024 तक व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है ।इस कार्यक्रम के अंतर्गत अनिवार्य तत्वों के रूप में स्रोत स्थिरता उपायों जैसे कि भूजल प्रबंधन,जल संरक्षण,वर्षा जल के माध्यम से पुनर्भरण और पुनः उपयोग को भी लागू किया जायेगा। गोंडवाना रिसर्च फाउंडेशन के सुरेशचंद्र ने बताया कि हर घर जल योजना भारत सरकार द्वारा 2019 में हर ग्रामीण घर में 2024 तक नल का पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई एक योजना है ।वित्त मंत्री ने 2019 के केंद्रीय बजट में इस योजना की घोषणा की थी ।हर घर जल तब से राज्यों के साथ साझेदारी में लागू किया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि बरसठी के 88 ग्राम पंचायतों में से प्रत्येक ग्रामपंचायत की पांच–पांच महिलाओं का चयन किया गया हैं। हर ग्राम पंचायत में पानी की टंकी लगाई जाएगी। पानी की टंकी से शुद्ध पेयजल ग्रामीणों के हर घर तक पहुंचाने का सरकार का लक्ष्य है ।इसके लिए ग्राम पंचायतों एवं ग्राम सभा की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उनको अभी से ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।रिसर्च फाउंडेशन के कर्मचारियों ने बताया कि बीते 22 दिसंबर से लेकर बरसठी विकासखंड के 88 ग्रामपंचायत में अबतक यह अभियान चलाया जा रहा हैं ।इस अवसर पर ग्रामप्रधान इसरावती देवी, सुधांशू विश्वकर्मा,बसंतलाल गौड़,ग्राम पंचायत अधिकारी धनुषधारी यादव,ग्राम प्रधान गुलाबचंद यादव ,सचिव रितेश चौहान व फाउंडेशन के कर्मचारियों में समरजीत यादव ,लालसाहब,कोमल सिंह ने आये हुये ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम से अब होगी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मनरेगा मजदूरों की हाजिरी अब आनलाइन मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम से ली जाएगी! अभी तक मजदूरों की आफलाइन हाजिरी लगाई जा रही थी! शासन ने एक जनवरी से मनरेगा मजदूरों का डिजिटल अटेंडेंस लागू कर दिया है! यह जानकारी खण्ड विकास अधिकारी नितीन कुमार ने दी है! उन्होंने बताया है कि इसके पीछे सरकार की मंशा भ्रष्टाचार समाप्त करने और मजदूरों को ससमय मजदूरी दिलाना है! मई 2021 में इसका पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था! इसमें एक मोबाइल ऐप के जरिये हाजिरी लगवाना अनिवार्य की गयी थी! 16 मई 2022 से इसे 20 या उससे अधिक मजदूरों वाली साइटों पर उसे अनिवार्य बनाया गया था! ऐप से हाजिरी लगाने में इलेक्ट्रॉनिक मास्टर रोल श्रमिको की आवश्यकता और आपूर्ति पर निर्भर करता है! अब काम कराने के लिए पहले आनलाइन मजदूरों की डिमांड लगाई जाएगी! इसके बाद मास्टर रोल जनरेट होंगे! पहले मनरेगा कार्य स्थल पर काम न करने वाले श्रमिकों के खाते में रोजगार सेवक की हाजिरी पर भुगतान उनके खाते में चला जाता था! मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम से हाजिरी पर अब फर्जीवाड़ा पर रोक लगेगी! खण्ड विकास अधिकारी ने 95 ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवकों तथा महिला मेठ को इस योजना की जानकारी देते हुए इसे कार्य रूप में अमली जामा पहनाए जाने के लिए निर्देशित किया है! पहले मनरेगा मजदूरों की सूची में ऐसे लोग भी शामिल थे जिनकी मजदूरी घर बैठे उनके खाते में चली जाती थी!

## आर्थिक तंगी से जूझ रहे मजदूर ने जरूरतमंदों में बाटें 115 कंबल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकाश खण्ड रामनगर के अहिरौली गाँव निवासी त्रिलोकीनाथ सरोज ने इंसानियत को जिंदा रखने का कार्य करते हुए खुद आर्थिक तंगी से जूझने के बाद भी अहिरौली गाँव के ही मुशहर बस्ती सहित अन्य जरूरतमंद गरीबो को ठंड के कहर को बढ़ते देख सहयोग बुधवार को 115 कंबल बाट कर क्षेत्र के लोगो को सोचने पर मजबूर कर दिया ।वही त्रिलोकीनाथ के इस पुनीत कार्य का क्षेत्र में जगह जगह चर्चा का विषय बना हुआ है ।वही त्रिलोकीनाथ ने बताया कि ठंड का समय गरीबों के लिए बहुत ही कष्ट दायक होता है ऊनी कपड़े ना होने से गरीब परिवार को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए मैं पूरे एक वर्ष मनरेगा व अन्य जगहों पर मेहनत मजदूरी करके एक एक पैसा जोड़कर जरूरतमंद गरीबों में सात वर्षों से लगातार कंबल बाटने का कार्य कर रहा हूं और प्रयास करूंगा कि आने वाले हर वर्ष मैं पैसे इकट्ठा करके अपने समकक्ष के लोगो मे कंबल बाटने का कार्य करता रहूं,क्योकि आठ वर्ष पहले मैं स्वयं ठंड के मौसम में बचने के लिए लोगों से गर्म कपड़े मांगकर पहनता था,ग्रामप्रधान द्वारा गाँव के गरीबों में कम्बल वितरित किया जाता था जिसमे हमे भी कम्बल मिलता था तभी से मेरे मन मे अभिलाषा जागी कि मैं भी मेहनत मजदूरी करके जरूरतमंदो में कम्बल वितरित करूँगा,उसके अगले वर्ष से ही पूरे वर्ष मेहनत मजदूरी करके एक एक पैसा जोड़कर जरूरतमंदों में कम्बल वितरित करने का कार्य शुरू कर दिया ।सात वर्षों से जरूरतमंदों में मैं कम्बल वितरित कर रहा हु जबकि मेरे पास आज भी पहनने के लिए अच्छे कपड़े नही है ।पहले वर्ष 10 कंबल से शुरुवात किया था दूसरे वर्ष 15 तो तीसरे वर्ष 25 चौथे वर्ष,30 पाचवे वर्ष 60 और छठवें वर्ष 110 कंबल व सातवें वर्ष 115 कंबल जरूरतमंदों में वितरित किया ।इस अवसर पर उपस्थित प्रधान आशीष दुबे उर्फ पप्पू ने त्रिलोकीनाथ सरोज द्वारा किये जा रहे इस पुनीत कार्य का सराहना करते हुए कहा कि यह अपने समाज के लिए एक बहुत बड़ी मिशाल है।

## बदलापुर को मिला 2467 पीएम आवास ग्रामीण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर ब्लॉक क्षेत्र के 95 ग्राम पंचायतों के मध्य पात्रों के लिए 2467 प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण मिला हुआ है। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार ने दी है। उन्होंने ग्राम पंचायतों में पात्रों को आवास देने के लिए पंचायत सचिव को निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायतों का सर्वे कर लें। जो भी प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण का पात्र व्यक्ति है उसका चयन कर सूची कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि उनके नाम प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण आवंटित किया जा सके। खंड विकास अधिकारी ने पंचायत सचिवों को यह भी कहा है कि किसी भी दशा में अ पात्रों का चयन नहीं होना चाहिए। यदि कोई भी सचिव अपात्र लोगों की सूची मुहैया कराता है तो जानकारी होने पर उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**उनके पीछे चलो जिनकी सोच अच्छी हो, उनके बारे में सोचो जिनके कर्म अच्छे हों।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# जौनपुर प्रेस क्लब की बैठक में वर्तमान कमेटी का बढ़ाया गया कार्यकाल : सेमिनार के लिए बनी कमेटी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नये साल के प्रथम सप्ताह में जौनपुर प्रेस क्लब की बैठक में कई अहम मुद्दो पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कपिल देव मौर्य ने किया। बैठक में सदस्यता अभियान से लेकर संगठनात्मक बिषय के साथ साथ जौनपुर प्रेस क्लब के तत्वाधान में एक सेमिनार कराये जानें चर्चा की गयी। बैठक में सदस्यता अभियान चलने के बाबत विचार विमर्श के पश्चात सर्वसम्मत से यह तय किया गया कि जनपद मुख्यालय से लेकर तहसील तक की ईकाई के लोग 15 जनवरी 23 तक प्रत्येक दशा में सदस्यता रसीद प्राप्त कर अधिकृत सदस्य बने। सदस्यता अभियान के संचालन का जिम्मा कोषाध्यक्ष राजदेव यादव को दिया गया। इसके साथ ही जौनपुर प्रेस क्लब के तत्वाधान में पत्रकारिता से संबंधित एक सेमिनार कराने का निर्णय लिया गया।जिसके लिए कार्यक्रम संयोजक कमेटी बनायी गयी जिसके अध्यक्ष अजय प्रताप पाल को बनाया गया तथा सहयोगी सदस्य के रूप में महामंत्री शम्भुनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष राजदेव यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश कान्त पान्डेय, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायन यादव, संगठन मंत्री विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक एवं महर्षी सेठ व मो.अब्बास को नामित किया गया।कमेटी के लोग जल्द ही बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तय करेंगे। तत्पश्चात महामंत्री शम्भुनाथ सिंह के प्रस्ताव पर पूरे सदन ने एक मत से जिलाध्यक्ष कपिल देव मौर्य के नेतृत्व में चल रही वर्तमान कमेटी के कार्यकाल को आगामी एक वर्ष तक के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया और प्रस्ताव पारित कर



कमेटी का काल वर्ष 23 – 24 के लिए बढ़ा दिया है। बैठक में जिलाध्यक्ष ने सभी साथियों को नव वर्ष 2023 की शुभ कामना देते कहा कि संगठन मजबूत रहेगा तभी पत्रकार के हितों के लिए संघर्ष किया जा सकेगा।सेमिनार के लिए गठित कमेटी एक जुट होकर कार्यक्रम सम्पन्न कराये जिलाध्यक्ष होने के नाते हम उनके साथ पूरी तरह से खड़े नजर आयेगे। नये वर्ष में सभी पत्रकार साथियों को प्रेस क्लब का एक परिचय पत्र दिया जाना है इसके लिए सभी साथी अपनी फोटो और अखबार तथा चौनल का नाम आधार की छाया प्रति के साथ 15 जनवरी 23 तक कोषाध्यक्ष के पास सदस्यता शुल्क के साथ जमा कर दे।साथ ही तहसील के अध्यक्ष गण को भी कहा कि सदस्यता शुल्क जमा कराये फोट और अन्य अभिलेख जमा करादे ताकि सभी साथियों को सेमिनार से पहले परिचय पत्र दिया जा सके। बैठक में अजय पाल, राकेश कान्त पान्डेय, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, आशीष पान्डेय, केराकत अध्यक्ष अब्दुल हक अंसारी,अवधेश तिवारी, आसिफ खान,राजदेव यादव, सादिक, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक, अजय कुमार, कमलेश मौर्य, डा लल्लन मौर्य राज कमल मिश्रा,सुनील मिश्रा, संदीप मिश्रा,सरस सिंह, महर्षी सेठ, दिवाकर दूबे,श्रमित उपाध्याय सोनू, लक्ष्मी नारायन यादव, मो. अब्बास, सुजीत कुमार वर्मा आदि पत्रकार गण उपस्थित रहे।संचालन महामंत्री शम्भुनाथ सिंह ने किया और बिषय पर सदस्यों से चर्चा कराया।

# विद्युत विभाग कर्मचारियों ने विरोध सभा कर प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी रैवेये की किया निंदा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ऊर्जामंत्री एवं मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन के मुख्य सलाहकार के साथ विगत 03 दिसंबर को हुए लिखित समक्षौते का आज एक माह पूरा हो गया है और ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन खासकर चेयरमैन के स्वेच्छाचारी रैवेये में कोई कमी परिवर्तन नहीं है। दमनान्मक कार्यवाहियों और भय का वतारण यथावत जारी है। समझौते के किसी भी बिन्दु का हल नहीं किया गया है। ऐसे में जनपद जौनपुर के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को सांय 04:00 बजे से 05:00 बजे तक विरोध सभा कर प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी रैवेये की निंदा की गई और ऊर्जामंत्री को समझौते के तत्काल क्रियान्वयन हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाय। उपरोक्त सभा विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति जौनपुर के अध्यक्षता में की गयी तथा सभा का संचालन संजय कुमार यादव द्वारा की गयी। सभा में ए0 के0 सिंह, ई0 शुभेन्दु शाह, ई0 आनन्द गौतम, ई0 सौरभ मिश्रा, ई0 आलोक उपाध्याय, ई0 विपिन गुप्ता, ई0 आतिश यादव, ई0 अशोक कुमार सिंह, ई0 तारा सिंह, ई0 धमेन्द्र मौर्या, ई0 निर्भिक भारती, अश्वनी श्रीवास्तव, अरविन्द मिश्रा, विश्राम मौर्या, श्री निधि श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, रतन श्रीवास्तव, विवेक कुमार, अखिलेश तिवारी, मुकुन्द यादव, चन्द्रशेखर उपाध्याय, मोहन पान्डेय, अमित खरे, इन्द्रजीत पाल, पवन कुमार, प्रणव सिंह, रंजन यादव, ऋषि श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव, कुलदीप यादव, हरेन्द्र कुमार, राहुल, चन्दशेखर मण्डल, अशोक पटेल, जितेन्द्र यादव, विजय यादव, रविन्दर सिंह, अखिलेश तिवारी, विजय चौहान, सन्तराम, प्रीतम श्रीवास्तव एवं भारी संख्या में कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन बिजली कर्मचारी संयुक्त सघर्ष समिति के संयोजक श्री निखिलेश सिंह द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये।

# थाना बदलापुर पुलिस ने वांछित शातिर लूटेरें स्वाधीन सिंह उर्फ छोटू को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में दिनांक 28.11.22 को रात्रि में वाराणसी लखनऊ हाईवे पर स्थित जयसवाल ढाबे बहद ग्राम फत्तुपुर से लूट व फायर करने वाले वांछित अभियुक्त स्वाधीन सिंह उर्फ छोटू पुत्र विजय सिंह उर्फ विज्जू निवासी ग्राम बबुरा थाना बदलापुर जौनपुर को निरीक्षक बीरेन्द्र प्रताप तिवारी मय हमराही कर्चमारीगण द्वारा बदलापुर थाना क्षेत्र अन्तगर्त बदलापुर चौराहा बहद ग्राम सरोखनपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी से अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.स्वाधीन सिंह उर्फ छोटू पुत्र स्व0 विजय सिंह उर्फ विज्जू निवासी ग्राम बबुरा थाना बदलापुर जौनपुर। अपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0–318/22 धारा–307,34,393, 504, 506 भा0द0वि0 थाना बदलापुर जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–365/21 धारा–307 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर। 3.मु0अ0स0–364/21 धारा–392/411 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर। 4. मु0अ0सं0–157/21 धारा–323/504 भादवि व धारा 3(1)द,ध एससी एसटी एक्ट थाना बदलापुर जौनपुर। 5. मु0अ0सं0–376/19 धारा–147/148/149/307/504/506 भादवि व 7सीएलए एक्ट थाना बदलापुर जौनपुर। 6. मु0अ0सं0–162/20 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना बदलापुर जौनपुर। 7. मु0अ0सं0–182/18 धारा–323/504/506/324 भादवि व धारा 3(1)घ, 3(2)5ए एससी एसटी एक्ट थाना बदलापुर जौनपुर। 8.मु0अ0सं0–90/20 धारा–323/504/506 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर। 9. मु0अ0सं0–108/20 धारा–25 आर्म्स एक्ट थाना बदलापुर जौनपुर। 10.मु0अ0सं0–1106/17 धारा–379/411 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर। 11. मु0अ0सं0–107/20 धारा–401 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर। 12.मु0अ0सं0–356/19 धारा–323/504/506 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर। 13. मु0अ0सं0–086/19 धारा–323/504/506 भादवि थाना बदलापुर जौनपुर। 14.मु0अ0सं0–181/19 धारा– 41/411 भादवि थाना सिंगरामऊ जौनपुर। 15. मु0अ0सं0– 182/19 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिगरामऊ जौनपुर। 16. मु0अ0सं0–179/19 धारा–386 भादवि थाना सिगरामऊ जौनपुर। गिरफ्तार अभियुक्त– स्वाधीन सिंह उर्फ छोटू पुत्र स्व0 विजय सिंह उर्फ विज्जू निवासी ग्राम बबुरा थाना बदलापुर जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1.निरीक्षक बिरेन्द्र प्रताप तिवारी, थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 अजय कुमार सिंह, थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 3.का0 राजबहादूर, थाना बदलापुर जौनपुर।

# गरीबों की मदद पुनीत कार्य –ओमप्रकाश दुबे बाबा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगरपंचायत क्षेत्र के सरोखनपुर मे प्राचीन पंच शिवाला मन्दिर पर बुद्धवार को जरूरतमंद लोगो को कंबल वितरित करते हुए पूर्व विधायक ओमप्रकाश दुबे बाबा दुबे ने कहा कि असहाय जरूरतमंदों की सेवा करना जीवन का सबसे बड़ा धर्म होता है। इसमें लोगों को बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर रामजीत गुप्ता ने पंच शिवाला मन्दिर पर बैट्री, इन्वर्टर तथा सोलर पैनल दिया! 160 लोगों में कम्बल वितरण किया! समाज सेवी श्रीकांत यादव ने भी ट्रस्ट को एक हजार रुपये प्रति माह देने के साथ ही इक्यावन हजार रुपये का सहयोग किया! इस मौके पर राजेश पाठक, प्रमोद शुक्ल, नरेंद्र यादव राजुल सिंह सत्यम मोदनवाल, इन्द्रजीत सरोज, बंटी जायसवाल, संत कुमार सिंह रवि गुप्ता, विकास गुप्ता आदि लोग मौजूद थे! इसी क्रम में तहसीलदार राकेश कुमार ने इन्दिरा चौक पर चक्रमण कर ठंड से कांप रहे दस जरूरतमंदों में कम्बल वितरण किया!

# संगत पंगत ने सन्तोषी बाबू के18वी पुण्यतिथि पर अर्पित किया श्रंद्धाजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संगत पंगत जौनपुर की एक आवश्यक बैठक वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार के आवास पर जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कायस्थ समाज के संरक्षक रहे स्व सन्तोष कुमार श्रीवास्तव सन्तोषी बाबू ने 18वी पुण्यतिथि पर श्रंद्धाजलि अर्पित किया गया। जिससे जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि बाबूजी हमेशा समाज के हित के लिए कार्य करते रहे साथ ही उन्होंने अधिवक्ता के रूप में भी एक अपनी अलग पहचान बनाई जिसके कारण आज उनकी ख्याति दूर–दूर तक है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ने कहा कि आदरणीय बाबूजी ने जो ख्याति अर्जित किया हम सबको मिलकर उसे आगे बढ़ाना है उनके बताए हुए पद चिन्हों पर चलकर हम अपने समाज और अपने लोगों की गरिमा बढ़ा सकते हैं। बाबूजी ने हमेशा अधिवक्ता के साथ–साथ समाज के हितों का भी हमेशा ख्याल रखा जिसके कारण आज भी लोगों ने याद कर रहे हैं और उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है।श्रंद्धाजलि सभा में महामंत्री सुलभ श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव अनुपम श्रीवास्तव अनीश श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखते हुए बाबूजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अजय वर्मा पंकज श्रीवास्तव अर्पित श्रीवास्तव नवीन श्रीवास्तव प्रतिमा श्रीवास्तव प्रियंका श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे। संगत पंगत द्वारा गरीबो में भोजन व वस्त्र वितरण किया गया।

# युवा महोत्सव के लिए पीयू की प्रतिभाओं का हुआ चयन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का तीन जनवरी को आईबीएम भवन में 16 प्रतियोगिताओं के लिए विश्वविद्यालय परिसर सहित सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों का चयन हुआ। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर





निर्मला एस.मौर्य के निर्देश पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अजय द्विवेदी ने विभिन्न महाविद्यालयों से आये प्रतिभागियों और प्राध्यापकों का स्वागत किया। विदित है कि इस बार युवा महोत्सव का प्रदेश स्तर का कार्यक्रम 12–13 जनवरी 2023 को प्रस्तावित है। इसमें प्रदेश के समस्त राज्य विश्वविद्यालय के प्रतिभागी शामिल होंगे। संगीत , नृत्य , वाद विवाद , थियेटर और फाइन आर्ट के कुल 16 प्रतियोगिताएं आयोजित होगी जिसमें पूर्वांचल विश्वविद्यालय के टीम के चयन के संयोजक डॉ. रसिकेश और प्रोफेशनल के रूप में यूनाइटेड ड्रीम्स के द्वारा चयन प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। सभी श्रेणियों में छात्रों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया जिसमें से उत्कृष्ट छात्रों की टीम का फाइनल चयन सूची 10 जनवरी 2023 को नोडल अधिकारी डॉ मनोज मिश्र को दी जाएगी। कार्यक्रम की विभिन्न श्रेणियों में डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ मनोज पांडेय , डॉ प्रमेन्द्र विक्रम सिंह , अनुपम कुमार , मोहम्मद अबू सालेह , अभिनव श्रीवास्तव , राज , सिद्धांत सेठी , अनमोल साहू आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# डिवाइडर से टकराया स्कूटी सवार : दो घायल एक की हालत गंभीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बाई पास मार्ग पर एक तेज रफ्तार स्कूटी सवार डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर तेज होने के कारण दोनों लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। जहा एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। आजमगढ जनपद निवासी अंजाना अपनी मां फुला देवी को स्कूटी पर बैठाकर बुधवार को सुबह साढ़े 11 बजे किसी कार्य से जौनपुर शहर के तरफ आ रहा था। जौनपुर– आजमगढ़ मार्ग बाई पास पर विथार गांव के पास स्कूटी सवार सीधा डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर तेज होने के कारण स्कूटी चला रहा अंजाना 22 व उसकी मां फुला देवी 50 गंभीर रूप से घायल हो गई। फुला देवी का सिर फट गया था। सूचना पर मौके पर गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस पहुच गयी। पुलिस ने घायल मां बेटे को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां फुला देवी की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही क्षतिग्रस्त स्कूटी को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिली है। घायलों को अस्पताल भिजवा दिया गया है।

# किरतापुर गांव में स्टार्ट बोलेरो छोड़कर भागे अज्ञात : गांव में फैली दहशत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के कीर्तापुर गांव में जौनपुर– केराकत मार्ग पर स्थित अनिल यादव के घर के पास बुधवार की भोर भई लगभग तीन बजे कोई अपनी बोलेरो स्टार्ट हालत में ही छोड़कर गायब हो गया। काफी देर तक किसी के न आने पर धीरे–धीरे लोगों में दहशत फैलने लगी। गांव के लोगो ने अज्ञात बोलेरो मिलकर की सूचना डायल 112 पुलिस को दिया। मौके पर डायल 112 और जफराबाद थाने की पुलिस पहुच गई। पुलिस ने घण्टो उक्त अज्ञात बोलेरो के स्वामी की तलाश की लेकिन कही कुछ पता नही लगा। ग्रामीणों का कहना है कि संभवत कोई बदमाश किसी बड़ी घटना या चोरी को अंजाम देने के लिए आए होंगे। लेकिन किसी वजह से उनको गाड़ी छोड़कर भागना पड़ा। वही इस मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष जफराबाद राजाराम द्विवेदी ने बताया कि फिलहाल अभी मामला उनके संज्ञान में नही है।

# कल्याणी जन सेवा समिति द्वारा सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन पर किया गया कम्बल वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवस पर कल्याणी जन सेवा समिति सैदनपुर द्वारा सतत कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत नगर के सैदनपुर मुसहर बस्ती में कंबल का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहे लोगों के चेहरे समित द्वारा दिए गए कंबल पाकर खुशी से खिल उठे। समिति के संस्थापक डॉ नन्द कुमार मौर्य व प्रबंधक श्रीमती जयमाला 'प्रखर' ने कहा कि किसी मुर्दे की कब्र या मजार पर चादर चढ़ाने से बेहतर है कि जिंदा व्यक्तियों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए तन ढका जाए। अवकाश प्राप्त अध्यापक उदय राज यादव ने कहा कि देश की प्रथम शिक्षिका के जन्मदिन पर समिति द्वारा किया गया कार्य अत्यंत ही सराहनीय है। यादव ने समिति को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। समित



के कार्यक्रम प्रभारी सभाजीत यादव ने बताया कि समिति द्वारा सतत कंबल वितरण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, सचिव अशोक कुमार राव, छब्बा लाल सोनकर,सुरेंद्र कुमार मौर्य, मंजेश यादव, त्रिलोकीनाथ मौर्य, कोषाध्यक्ष संजय कुमार मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा धोखाधडी कर जमीन विक्रय करने वाला वांछित अभियुक्त राजेश कुमार गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–189/2022 धारा– धारा–419, 420, 467, 468, 471, 120बी0, 506 भादवि के वांछित अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी वार्ड नं0 22 एराकियाना बारादरी रोड थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । अभियुक्त की गिरफ्तारी से इस प्रकार के अपराध पर अंकुश लगेगा । अभियुक्त का नाम पताः– 1.राजेश कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी वार्ड नं0 22 एराकियाना बारादरी रोड थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः– 1.मु0अ0सं0–189/2022 धारा–189/2022 धारा–419, 420, 467, 468, 471, 120बी0, 506 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1.निरीक्षक श्री जनार्दन यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2.कां0 विनोद यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 3.का0 विकेश चौहान थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

# थाना मड़ियाहूं पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के पर्यवेक्षण में थाना मड़ियाहूं पुलिस व आबकारी टीम द्वारा दिलावरपुर क्रासिंग के पास संदिग्ध चेकिंग की जा रही थी, मुखबिर खास की सूचना पर गौशाला तिराहे के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जिसने अपना नाम अमन सरोज पुत्र दिलीप कुमार सरोज निवासी रानीपुर थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर बताया जामा तलासी ली गयी तो उसके पास से दो जरिकेन में 10–10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुआ। जिसके संबंध में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.अमन सरोज पुत्र दिलीप कुमार सरोज निवासी रानीपुर थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर। बरामदगी– 1.20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0– 001/2023 धारा–60 आबकारी एक्ट थाना मड़ियाहूँ जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1.प्र0नि0 ओम नारायण सिंह, थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 2.उ0नि0 संतोष कुमार दूबे, थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 3. हे0का0 कपिल पासवान, का0 प्रदीप कुमार, का0 भानूप्रताप यादव, का0 सूर्यकुमार यादव थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 4.श्री बसन्त प्रसाद, आबकारी निरीक्षक, का0 मो0 कासिम, का0 मनोज कुमार आबकारी क्षेत्र 2 मडियाहूँ, जौनपुर।

# थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा 02 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में उ0नि0 राकेश कुमार राय थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर मय टीम द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा जारी वांरट मु0 नं0–1361/22 धारा 147/336/506 भा.द.वि. थाना मुगराबागदशाहपुर जौनपुर से सम्बन्धित दो नफर अभियुक्तगण को नियमानुसार आज दिनांक 03.01.23 को समय करीब 06.20 बजे उनके घर के बाहर से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय भेजा गया। नाम पता वांरटी अभियुक्तगणदृ 1. सुजीत कुमार पुत्र उमाशंकर गौंड़ निवासी कमालपुर थाना मुगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर। 2. विनोद कुमार पुत्र उमाशंकर गौंड़ निवासी कमालपुर थाना मुगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर। अभियुक्तगण का अपराधिक इतिहासः– मु0नं0–1361/22 धारा 147/336/506 भा.द.वि. थाना मुगराबागदशाहपुर जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1. उ0नि0 विवेक कुमार तिवारी (थानाध्यक्ष) थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 2.उ0नि0 राकेश कुमार राय थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 3.का0 सुशील कुमार यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 4.का0 विजय कुमार यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

# थाना खुटहन पुलिस ने 20,000 रुपये के इनामियां हत्या के वांछित शातिर अपराधी सूरज बेनवंशी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में प्र0नि0 खुटहन मय हमराही की सहायता से मु0अ0सं0–231/2022 धारा–302/201 भादवि थाना खुटहन में वांछित चल रहे अभियुक्त सूरज बेनवंशी पुत्र हरिश्चन्द्र बेनवंशी ग्राम तियरा थाना बदलापुर जौनपुर, जिसके ऊपर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जौनपुर द्वारा बीस हजार रुपये का पुरुस्कार घोषित किया गया है। अभियुक्त सूरज बेनवंशी पुत्र हरिश्चन्द्र बेनवंशी ग्राम तियरा थाना बदलापुर जौनपुर को रामनगर तिराहा थाना खुटहन जौनपुर से गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण 1–सूरज बेनवंशी पुत्र हरिश्चन्द्र बेनवंशी ग्राम तियरा थाना बदलापुर जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1–मु0अ0सं0–231/22 धारा–302/201 भादवि थाना खुटहन जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम का विवरण 1. श्री किशोर कुमार चौबे, प्रभारी निरीक्षक थाना खुटहन जौनपुर। 2. उ0नि0श्री राजित राम यादव, थाना खुटहन जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 संतोष यादव, का0सुदर्शन यादव, का0शिवाकान्त, का0शशांक त्रिवेदी थाना खुटहन जौनपुर।

# काशीयात्रा में अपने हुनर का जादू बिखेरेंगे आईआईटीयंस : सात हजार से ज्यादा प्रतिभागी होंगे शामिल

वाराणसी ब्यूरो : आईआईटी बीएचयू के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव काशीयात्रा–2023 में कला, साहित्य के साथ ही संस्कृति का संगम होगा। 20 से 22 जनवरी तक तीन दिवसीय इस उत्सव में देश भर के आईआईटीयंस शामिल होंगे। उत्सव में आईआईटी, तकनीकी कॉलेजों से सात हजार से अधिक भावी इंजीनियरों की शिरकत होगी। आईआईटी बीएचयू में तकनीकी उत्सव टेक्नेक्स, काशीयात्रा सहित कई आयोजन होते हैं। इस बार 20 से 22 जनवरी तक काशीयात्रा का आयोजन हो रहा है। इसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। समारोह में इस बार आईआईटी बीएचयू के अलावा पटना, रूड़की, कानपुर, खडगपुर, दिल्ली, भुवनेश्वर सहित कई तकनीकी संस्थानों, कॉलेजों के प्रतिभागी अलग–अलग आयोजन में बेहतरीन प्रदर्शन करते नजर आएंगे। आयोजन के लिए गठित छात्रों की टीम ने खुद भी समारोह की भव्यता के लिए तैयारी तेज कर दी गई है। 60 से अधिक कार्यक्रम में शामिल होंगे आईआईटीयंस आईआईटी में 20 से 22 जनवरी यानी तीन दिन तक चलने वाले उत्सव में 60 से अधिक कार्यक्रम होंगे। इसमें आईआईटी, अन्य तकनीकी संस्थानों समेत 300 से अधिक कॉलेजों के प्रतिभागी शामिल होंगे। तीन दिन में होने वाले आयोजन में अभिनय, संगीत के आयोजन बंदिश, म्यूजिक बैंड इवेंट, ललित कला, क्विज, लाइफ स्टाइल इवेंट, डांस इवेंट, लिट्रेरेरी इवेंट, ईडीएम नाईट, फ्यूजन, बालीवुड नाइट, इंटरनेशनल कार्निवाल सहित कई कार्यक्रम होंगे।

## एसएसपी के दरवाजे से भी निराश होकर लौट रहे फरियादी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जब एसएसपी मुनिराज के चौखट पर ही किसी फरियादी की फरियाद न सुनी जाये तो नीचे के अधिकारियो का क्या कहना वे तो और बेलगाम हो जायेगे।इस समय जहां एक ओर एसएसपी मुनिराज का ध्यान ट्रैफिक सुधारने में लगा हुआ है वही फरियादियों के मुताबिक कई फरियादी इनके दरवाजे से निराश होकर लौट रहे है।इसका जीता जागता उदाहरण मंगलवार को उस समय दिखाई दिया तो जब महाराजगंज थाना क्षेत्र के कनकपुर निवासी फरियादी प्रीतम जायसवाल पुत्र स्वर्गीय हरि शंकर अपनी पत्नी के साथ इस ठंड में एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर के कार्यालय के सामने ठिठुरते हुए नजर आए।जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने यह बताया कि हमारी फरियाद महाराजगंज पुलिस की तो छोड़िए सीओ सदर के साथ–साथ खुद एसएसपी मुनिराज भी नहीं सुन रहे हैं।इससे पहले जब आज से दो दिन पूर्व वे अपना प्रार्थना पत्र लेकर यह सोचकर एसएसपी मुनिराज के दरवाजे पर आए थे कि उनकी फरियाद सुनी जाएगी।लेकिन पीड़ित के मुताबिक उनके प्रार्थना पत्र को बिना पढ़े ही एसएसपी ने यह कहकर वापस कर दिया अतिक्रमण किए हैं।फरियादी ने बताया कि एसएसपी ने जांच कराना भी मुनासिब नहीं समझा कि पहले इसकी जांच करा लें तब इस पर कार्यवाही करे।वही पुलिस ने उसके दुकान का सामान बाहर फेंक दिया।वही जब इस संबंध में फरियादी इससे पहले महाराजगंज पुलिस से अपनी फरियाद कही तो उन्होंने बताया कि यह ऊपर से आदेश है।तब फरियादी प्रीतम जयसवाल इस संबंध में अपनी समस्या लेकर सीओ सदर डॉ राजेश तिवारी के पास आया तो उन्होंने डॉ राजेश तिवारी ने यह कह कर उसे वापस लौटा दिया कि हम इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं।जिसके चलते आज फरियादी प्रीतम जायसवाल मंगलवार को अपनी पत्नी के साथ एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर का दरवाजा खटखटाया।प्रार्थना पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि प्रार्थी का विपक्षी राधेश्याम पुत्र श्री राम निवासी कनकपुर फर्जी ही उसे फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित प्रीतम जायसवाल ने बताया कि वह अपने जमीन पर गुमटी रख कर जीविका चला रहा है।परंतु विपक्षी पुलिस के माध्यम से उसे परेशान कर रहे हैं।इसकी सूचना मोबाइल से एसएसपी मुनिराज,सीओ सदर व थानाध्यक्ष महाराजगंज को फोन से देना चाहा परंतु कई बार नंबर डायल करने पर उसे सभी जगह से पीड़ित को निराशा मिली।इस संबंध में फरियादी ने यह भी बताया कि उसके फोन का कोई रिस्पांस नहीं मिला उन्होंने कई बार एसएसपी सीओ सदर थाना प्रभारी महाराजगंज को भी फोन लगाया लेकिन मोबाइल का उत्तर नहीं मिला जिसके चलते वह खुद आज यहां आया।फोन के माध्यम से उन्होंने बताया कि यह मामला हमारे संज्ञान में है मैं इसको दिखाता हूं जबकि वहां पर मौजूद एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने उससे प्रार्थना पत्र लेकर उसे न्याय दिलाने का आश्वासन दिया और कहा कि इस प्रकरण में जांच करा कर जो भी हर संभव मदद होगी वह की जाएगी। कुल मिलाकर इस समय जहां एक और एसएसपी मुनिराज का ध्यान ट्रैफिक सुधारने में लगा हुआ है वही आज कई फरियादी इनके दरवाजे से निराश होकर लौट रहे है।

## जरुरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकले बच्चे व बुजुर्ग – डाक्टर अजय तिवारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय कड़ाके की ठंड व शीत लहर के चलते आम जनमानस का जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है।इस समय जहां एक ओर रोजाना नौकरी पेशा करने वाले लोगों व अन्य व्यवसायों से जुड़े दुकानदार, मजदूर सहित अन्य वर्ग के लोग इस कड़ाके की ठंड से परेशान दिखाई दे रहे थे।इस समय इसी कड़ी में सबसे अधिक परेशानी छोटे छोटे बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है।इस ठंड में इसको लेकर सतर्कता बरतनी जरूरी है।इस संबंध में चिकित्सक डाक्टर अजय तिवारी ने बताया कि इस समय कड़ाके की ठंड में मुख्य रुप से बच्चों में कोल्ड डायरिया, सर्दी, खांसी जुकाम,निमोनिया जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा बना रहता है। वही इसी कड़ी में इस ठंड में खासकर बुजुर्गो को भी काफी परेशानी होती है।इस समय बुजुर्गों व अन्य लोगों मे घुटनों व पुरानी चोट का दर्द का भी एहसास होने लगता है।जिसके चलते इन लोगो को असहनीय दर्द का अनुभव होता है। उन्होंने बताया कि इसी तरह से उन लोगों को इस ठंड से बचना चाहिए जो हार्ट कोल्ड, कोल्ड स्ट्रोक, फालिज की समस्या आदि



से प्रभावित हैं।उन्होंने बताया कि इस समय अगर जरूरत पड़े तभी बच्चे व बुजुर्ग घर से बाहर निकले। कोशिश यही करे कि ये लोग ठंड से बचने के लिये घर पर ही रहे। उन्होंने लोगों से अपील किया कि हमेशा गुनगुना पानी का सेवन करें व हो सके तो ताजे पानी से स्नान आदि करे।गरम पानी का सेवन हो सके तो मत करे। उन्होंने बताया कि अगर इस दौरान छोटे छोटे बच्चों, बुजुर्गों व अन्य लोगों को किसी भी तरह की परेशानी हो तो वह बिना देरी किये अपने आस पास के चिकित्सकों पास जाकर इलाज कराये।

## आरटीओ आफिस से सम्बद्ध डीटीआई सेंटर का हुआ शुभारंभ

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (डी०टी०आई०) का परिवहन विभाग पर विभाग के अधिकारियों व कर्मियों द्वारा नये परिसर का भौतिक रूप से रूप से कब्जा प्राप्त किय गया।इस मौके पर उप आयुक्त (परिक्षेत्र ), बरेली, संजय सिंह द्वारा डी०टी०आई० परिसर में हवन पूजन किया गया।इस मौके पर कार्यक्रम श्रीमती ऋतु सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आर०पी० सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), संदीप कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), द्वितीय, प्रेम सिंह, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), अयोध्या उपस्थित थे।वही इनके साथ ही साथ कार्यदायी संस्था उ०प्र० राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, अयोध्या के परियोजना प्रबन्धक, ए०ई० जे०ई० एवं परिवहन विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।आज मंगलवार से लाइसेंस से सम्बन्धित समस्त कार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (आई०टी०आई०) निकट उदया चौराहा, जनपद–अयोध्या के परिसर में स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्ट्टीयूट (डी०टी०आई०) में प्रारम्भ हो गया है। इस मौके पर यह भी बताया गया कि संजय सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), अयोध्या के प्रोन्नति के फलस्वरूप रिक्त हुए सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), अयोध्या के पदभार को श्रीमती ऋतु सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा ग्रहण किया गया। इस मौके पर आर०पी० सिंह सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन मौजूद रहे।

## लल्लन सिंह केसः दरोगा पर फायरिंग से पहले सकलडीहा में व्यापारी से लूटी थी बाइक

वाराणसी ब्यूरो : रोहनिया में दरोगा अजय यादव को गोली मारकर सर्विस पिस्टल लूटने वाले एक लाख इनामी बदमाश लल्लन सिंह ने वारदात से एक हफ्ते पहले सकलडीहा में व्यापारी को गोली मारी थी। व्यापारी लालव्रत के जबड़े को भेदते हुए गोली पार हुई थी। इसके बाद व्यापारी की बाइक लूटकर बदमाश भाग निकले थे। रोहनिया पुलिस ने मंगलवार को मंडुवाडीह के शिवदासपुर से लालव्रत चौहान की बाइक बरामद की। कमिश्नरेट पुलिस ने 21 नवंबर को लल्लन के भाई मनीष सिंह और रजनीश को हरहुआ रिंग रोड पर मुठभेड़ में मार गिराया था। उस समय पुलिस को चकमा देकर लल्लन सिंह भाग निकला था। तत्कालीन पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने लल्लन पर एक लाख का इनाम घोषित करते हुए एसआईटी गठित की थी। आठ नवंबर को बदमाशों ने रोहनिया के दरेखू में दरोगा अजय यादव को गोली मारकर पिस्टल लूट ली थी। इस वारदात के ठीक 13 दिन बाद ही बिहार समस्तीपुर गोलवां निवासी रजनीश और मनीष को पुलिस ने मार गिराया और लूट की पिस्टल बरामद की थी। मुठभेड़ में मारे गए रजनीश, मनीष के बाद उसके भाई लल्लन सिंह की तलाश चल रही है। एक नवंबर 2022 को सकलडीहा के तेंदुई निवासी लालव्रत चौहान खडेघ्हरा स्थित बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान बंद कर घर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर बाइक लूट ली थी। रोहनिया थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह के अनुसार लूट की यह बाइक शिवदासपुर के पुनवासी पटेल के मकान से बरामद हुई। लल्लन सिंह और उसके भाई किराये पर कमरा लेकर यहां रहते थे। तीनों भाइयों के अपराध का तरीका एक जैसा ही था पुलिस और क्राइम ब्रांच की तफ्तीश में सामने आया है कि तीनों भाइयों के अपराध का तरीका एक जैसा ही था। गोली मारकर लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। आसपास जिलों में इस तरह की घटनाओं को भी केंद्र में रखकर तफ्तीश की जा रही है। रोहनिया थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह के अनुसार फरार एक लाख का इनामी लल्लन सिंह की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। मुठभेड़ के दौरान बरामद हुई बाइक की जांच नहीं हुई पूरी हरहुआ रिंग रोड पर बड़ागांव पुलिस और क्राइम ब्रांच के साथ मुठभेड़ में मारे गए रजनीश, मनीष के कब्जे से बरामद अपाचे बाइक की जांच अभी पूरी नहीं हो सकी है। इंजन और चेचिस नंबर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। बड़ागांव थाना प्रभारी अश्वनी चतुर्वेदी के अनुसार इसकी तस्दीक कराई जा रही है। फोरेंसिक से अभी रिपोर्ट नहीं आई है।

## माघ मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डाक्टर राजीव नारायण मिश्र ने दिया मूल मंत्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मीडिया सेल माघ मेला प्रयागराज के मुताबिक पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी माघ मेला माघ मेला 2023 को सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराए जाने के लिए पुलिस प्रशासन जुटी हुई है।जिसमें पुलिस के साथ साथ अन्य सामाजिक संगठनों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है।इसी कड़ी में मंगलवार को मान सरोवर सभागार में 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी सेना नायक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र की अध्यक्षता में ''भारत स्काउड़ गाइड''व ''नेशनल कैडेट कोर'' के सदस्यों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की गई।इस गोष्ठी में उन्होंने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पुलिस प्रशासन के साथ सामंजस व समन्वय बनाकर साथ कार्य करने का संकल्प लिया।इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला श्री ने बताया कि हम लोगो को मुख्य बिंदुओं जैसे स्नानार्थियों,कल्पवासियों, श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, मेले में सुरक्षित प्रवास व सुरक्षित स्नान




कराने पर बल देना होगा जिससे इस दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो इसके लिये उन्होंने सभी सदस्यों को पुलिस बल के साथ मिलकर कार्य करने का मूल मंत्र दिया।इस मौके पर सार्थक अग्रवाल आईएएस,अपर पुलिस अधीक्षक माघ मेला निवेश कटियार,समूह संचालक अमित मिश्रा व अन्य समूह सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन उप जिलाधिकारी माघ मेला आशुतोष राय ने किया।

## हाड़ कंपाने वाली ठंड के बाद भी जिला प्रशासन कब घोषित करेगा अवकाश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय हाड़ कंपाने वाली बर्फीली व सर्द हवाओं ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। इस ठंड का सबसे अधिक असर छोटे छोटे बच्चों व बुजुर्ग लोगों पर दिखाई दे रहा है। परंतु इतनी ठंड के साथ साथ शीत लहर के पड़ने के बावजूद भी जिलाधिकारी व शिक्षा विभाग के अधिकारियों का ध्यान स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर नहीं जा रहा है।अवकाश घोषित न होने के चलते सुबह ठिठुरते हुये छोटे छोटे बच्चे स्कूल जाते हुये दिखाई दे रहे हैं।वहीं इसी कड़ी में इस कड़ाके के ठंड के चलते जरुरत पड़ने पर ही लोग गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकल रहे है।यही हाल सरकारी व गैर सरकारी नौकरी, व्यवसाय से जुड़े हुये लोग मजदूर व वर्ग से जुड़े हुए लोगों का रहा।जो मजबूरी में काम पर जाते हुये दिखाई दे रहे थे।इस समय कड़ाके की ठंड व शीत लहर को देखते हुये चिकित्सकों ने अभिभावकों व अन्य लोगों से अपील किया है कि वे छोटे छोटे बच्चों के साथ बुजुर्ग लोगों को बाहर न निकलने दे।इसके अलावा हार्ट से संबंधित रोगी हो सके तो इस ठंड में बाहर न निकलें।क्योंकि ठंड से उन्हें परेशानी हो सकती है।अब प्रश्न यह उठता है कि आखिर कब इस जिले के जिलाधिकारी व शिक्षा विभाग के अधिकारी छुट्टी की घोषणा करेंगें।अगर इस ठंड से स्कूली बच्चे बीमार होगे तो कौन जिम्मेदार होगा।वही इसी कड़ी में जिलाधिकारी छुट्टी की घोषणा कब करेंगे।इसका अभिभावक व स्कूली बच्चों के साथ साथ अध्यापक इंतजार कर रहे है।

## सभी थाना प्रभारी उठाये सीयूजी नंबर – एसपी ग्रामीण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अगर जिले में किसी भी थाना क्षेत्र में तैनात प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष को उनके सीयूजी नंबर पर किसी भी घटना की जानकारी देनी हो या फिर उनसे जानकारी लेनी हो तो नही मिल सकती है।जिसका मुख्य कारण अधिकतर प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष का सीयूजी नंबर पर किये गये फोन पर घंटी तों पूरी जाती है परंतु उधर से न रिसीव होने के चलते कोई उत्तर न आ सकता है और ना ही किसी घटना की जानकारी आप उन्हें दे सकते है।सबसे मजे की बात तो यह है कि अधिकतर थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों का सीयूजी नंबर स्विच ऑफ रहता है। जबकि शासन व उच्चाधिकारियों ने सभी प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को सीयूजी नंबर तत्काल उठाने का फरमान जारी किया है।परंतु यह फरमान महज कोरा कागज ही दिखाई दे रहा है। जिसके चलते लोगों अपनी बातों को इन अधिकारियों तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं।इस बात उदाहरण एसएसपी कार्यालय, एसपी सिटी कार्यालय, एसपी ग्रामीण कार्यालय सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों पर अलग अलग थाना क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों के मुताबिक इन लोगों का



कहना है कि कई बार अपनी समस्या को संबंधित थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों के सीयूजी नंबर पर बताने का प्रयास किया तो उनके द्वारा कोई उत्तर नहीं मिलने के यहां पर आना पड़ा है।इस गंभीर समस्या के संबंध में एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि शीघ्र ही सभी थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को आदेश जारी किया जायेगा कि सभी पुलिस कर्मी अपने अपने सीयूजी नंबर पर आने फोन का जबाव जरुर दे।अगर किसी प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष के संबंध में कोई शिकायत इस संबंध में आती है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## मंदबुद्धि बालक गुमशुदा परिजनों ने कोतवाली में दिया प्रार्थना पत्र



जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : नगर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी निकहत फातमा पुत्री स्वर्गीय अख्तर हुसैन निवासी शेख मोहम्मद थाना कोतवाली ने बुधवार को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उनका सगा भांजा अमलदार हुसैन पुत्र नूर मोहम्मद जो उनके साथ रहता है वह कुछ मंदबुद्धि का है जो दिनांक 2 जनवरी मंगलवार से दिन में करीब 11:00 बजे से गायब है लेकिन अभी तक घर नहीं लौटा है तमाम रिश्तेदारों के यहां तलाश करवाया लेकिन उसका पता नहीं चला है ऐसी स्थिति में कोतवाली पुलिस से निवेदन है कि बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश करवाने में मदद करें जिससे प्रार्थनीय को अनावश्यक रूप से भागदौड़ न करनी पड़े।इसके लिये प्रार्थनीय पुलिस की हमेशा आभारी रहेगी। जिस किसी को इस बालक के बारे में पता चले तो उसके परिजन को निम्न नम्बर 8874569242 पर सम्पर्क कर अवगत करा सकते हैं।

## विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में राजस्व कार्यो एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मंडलायुक्त रोशन जैकब ने अपर मंडलायुक्त रणविजय यादव के साथ राजस्व कार्यो एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में लक्ष्य के अनुरूप व्यापक कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। सभी अधिशासी अधिकारी किराये की दुकानों का पंजीकरण अवश्य करवा लें। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि आरसी के सापेक्ष वसूली में प्रगति लायी जाए। विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि जिलाधिकारी के संज्ञान में लाये बिना कोई आरसी वापस न ली जाए तथा वसूली में तेजी लायी जाए। नगर निकायों को निर्देशित किया कि राजस्व के स्रोत बढ़ाये जाएं। चकबन्दी के निस्तारण योग्य मामलों को तहसील के समन्वय से निस्तारित किया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम स्वनिधि योजना में लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक वेंडरों को लाभान्वित किया जाए। धान खरीद में भुगतान को ससमय किया जाए। सीएमआर में जनपद की मंडल में स्थित पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि किसानों से नियमित संवाद बनाये रखा जाए। आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति बढ़ाई जाए। वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना के लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाए। पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि अवैध बस एवं टैक्सी स्टैंड का संचालन न होने दिया जाए। सड़क सुरक्षा के संबंध में उन्होंने निर्देश दिया कि ब्लैक स्पॉट पर सभी आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किये जायें। ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपाय किये जायें। महिला अपराधों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों की लक्षित समीक्षा की व्यवस्था की जाए। थाना दिवस में शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाए। आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने जनपद की स्थिति पर संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने ठण्ड से बचाव के लिए किए जाने वाले उपायों की समीक्षा करते हुए रैन बसेरों, कम्बल वितरण एवं अलाव की स्थिति जानी।



रैन बसेरों का नियमित निरीक्षण किया जाए। मेडिकल विभाग की ओर से भी 2–3 दिन पर रैन बसेरों का भ्रमण किया जाए। उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि म्यूटेशन एवं पैमाइश के मामले यथासंभव तहसील स्तर पर ही निस्तारित किये जायें। समस्याओं के निस्तारण में लगने वाले समय को यथासंभव कम किया जाए। ग्राम समाज की जमीन पर अतिक्रमण के मामले में त्वरित कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि कोविड से संबंधित सभी तैयारियां दुरुस्त रखी जायें। स्वास्थ्य कर्मचारियों को मेडिकल एथिक्स का प्रशिक्षण दिया जाए। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडलायुक्त महोदया के सभी निर्देशों का जनपद में अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वंदना त्रिवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश तिवारी तथा राजस्व से जुड़े समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीसीएम के धक्के से दो लोग घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गांव धरमपुर में बुधवार को डीसीएम के धक्के से दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र के गांव मलूपुर निवासी अखिलेश मिश्रा 32,अमित यादव 25 सड़क के किनारे आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार आ रही डीसीएम ने उन्हें धक्का मार दिया जिससे उन दोनो को गंभीर चोटे आई। और मौके से डीसीएम चालक फरार हो गया। आसपास के लोगों के मदद से उन्हें उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर में भर्ती कराया गया।जहां इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दिया गया।

## स्कूलों को मिलेगी पहले तीन वर्ष की मान्यता : फिर होगा नवीनीकरण : कठिन किए गए मानदंड

लखनऊ ब्यूरो : यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट विद्यालयों की मान्यता अब पहले तीन साल के लिए दी जाएगी। बाद में मान्यता शर्तों की अनुपालन व विद्यालय में व्यवस्थाओं को देखते हुए पांच साल के लिए इसका नवीनीकरण किया जाएगा। ये मानक शासन से स्वीकृत नई मान्यता की शर्तों में निर्धारित है। पहले मान्यता के लिए स्थलीय निरीक्षण में व्यवस्था थी कि डीआईओएस भवन के समक्ष खड़े होकर अपना व भवन का फोटो खिंचवाकर रिपोर्ट के साथ संलग्न करेंगे। अब जनपदीय समिति विस्तृत निरीक्षण करेगी। समिति द्वारा निरीक्षण के समय विद्यालय भवन, प्रयोगशाला, खेल के मैदान, बाउंड्रीवाल, पुस्तकालय आदि की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी की जाएगी। इसे परिषद की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इसके अलावा नई शर्तों में विद्यालय में छात्र–शिक्षक अनुपात 40:01 से अधिक नहीं होगा। प्रत्येक विषय का एक शिक्षक होना अनिवार्य होगा। विद्यालय द्वारा लिए जा रहे शिक्षण शुल्क का लेखाजोखा रखा जाएगा। शिक्षण शुल्क में से कम से कम 70 प्रतिशत शैक्षिक व अन्य कर्मियों की परिलब्धियों पर खर्च होगा। इसके अलावा अब शिक्षकों, छात्रों की उपस्थिति बोर्ड की वेबसाइट/पोर्टल पर प्रत्येक कार्यदिवस में दर्ज करनी होगी। विद्यालय की वेबसाइट पर ईमेल, फोन नंबर के अलावा आधारभूत सुविधाओं जैसे भवन, कक्षों की




संख्या, कंप्यूटर, खेल, पुस्तकालय, लाइट, पंखे आदि का विवरण दिया जाएगा। योग्यता सहित शिक्षकों का विवरण, कक्षावार छात्र, छात्राओं की संख्या, प्रत्येक वर्ष का परीक्षाफल व शुल्क का विवरण भी प्रदर्शित करना होगा। पानी के लिए सबमर्सिबल, आरओ, पाइप पेयजल, ओवरहेड टैंक, हैंडवाश प्लेटफार्म, अलग–अलग आयु वर्ग के बच्चों की लंबाई के हिसाब से अलग–अलग ऊंचाई के प्लेटफार्म की व्यवस्था करनी होगी। छात्र, छात्राओं के अलग–अलग शौचालय के अलावा दिव्यांगों के लिए विशेष इंतजाम करने होंगे। पहले छात्र संख्या के अनुसार सिर्फ शौचालय व पीने के पानी के लिए हैंडपंप या अन्य कोई समुचित व्यवस्था की शर्त थी।अब मान्यता 30 वर्ष की रजिस्टर्ड लीज डीड पर भी दी जा सकेगी। कई अन्य मानक भी परिवर्तित हुए हैं।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।